<u>पूर्वोत्तर रेलवे</u>

*श्री निखिल पाण्डेय ,* वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक

के मार्गदर्शन

एवं

**श्री दया शंकर,** कार्य कुशलता अधिकारी

के निर्देशन में

सम्पादित

**''वाराणसी मण्डल के सी0से0इं0/कार्य/भटनी एवं कप्तानगंज के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।**

द्वारा


जी0 डी0 उपाध्याय
कार्यकुशलता निरीक्षक

एस0 के0 श्रीवास्तव
मुख्य योजना निरीक्षक

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर



कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/17/2018–19

मिसिल संख्या – प्र/560/1/2018–19/17


*******

# <u>अधिशासकीय सार</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 17 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 17 / 2018–19 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2018–19 / 17 |
| 4. | विषय | – | ''वाराणसी मण्डल के सीसेई.(कार्य) भटनी एवं कप्तानगंज के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | इंजीनियरिंग |
| 6. | प्राधिकार | – | वउमप्र द्वारा अनुमोदित कार्याध्ययन सूची वर्ष 2018–19 के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | सेक्शन इंजीनियर / कार्य / भटनी एवं कप्तानगंज के अन्तर्गत वर्तमान कार्य का आंकलन करना। |
| | | (2) | कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में यार्डस्टिक / व्यवहारिक दृष्टिकाण के आधार पर आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन। |
| | | (3) | आवश्यक कर्मचारियों की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों के अभ्यर्पण की संस्तुति करना। |
| 8. | कर्मचारी की संख्या जिनका कार्याध्ययन किया गया | – | 47 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या– II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 08 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | रू0 **54.27** लाख प्रतिवर्ष |
| 12. | वितरण तिथि | – | जुलाई / 2018 |

*******

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय–प्रथम** | 1 |
| | प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि। | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | 2–6 |
| | कर्मचारियों की स्वीकृत/वास्तविक संख्या, कार्यक्षेत्र एवं कार्यभार का संक्षिप्त विवरण। | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | 7–10 |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण, आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन व संस्तुति। | |


*******

## (I)

## आभार

कार्याघ्ययन दल श्री एस0 के0 झा, मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन में अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री अजय वार्ष्णेय, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/समन्वय, श्री राजेन्द्र सिंह, वमंई0 एवं श्री राजेन्द्र सिंह संमइं/पूर्व/गोरखपुर के प्रति आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्याध्ययन को पूर्ण करने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया।

कार्याघ्ययन दल सी0से0ई0/कार्य/भटनी एवं सी0से0इं/कार्य/कप्तानगंज का विशेष रूप से आभारी है। जिन्होंने कार्याध्ययन संबंधित सूचनायें एवं ऑकडे उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुतियाँ

| क्र0सं0 | संस्तुति | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | संस्तुति दी जाती है कि वाराणसी मण्डल के सीसेइ/कार्य/भटनी के कुल 05 पद जो आवश्यकता से अधिक ऑकलित किये गये हैं उन्हें अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाना चाहिये। | 3.13.1 |
| 2. | संस्तुति दी जाती है कि सीसेइं/कार्य/कप्तानगंज के कुल 03 पद जो आवश्यकता से अधिक पाये गये हैं, उन्हें अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाना चाहिये। | 3.13.2 |

*******

# (III)

## वित्तीय परिणाम

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड–पे | पदों की सं. | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | कुल मूल्य प्रति माह (रू0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप ''डी'' | 5200–20200 | 1800 | 08 | 56538 | 452304 | 5427648 |
| योग | | | | **08** | | | **5427648** |

वार्षिक आवर्ती बचत = रू0 चौवन लाख सत्ताइस हजार छः सौ अड़तालिस मात्र।

*******

## अध्याय– प्रथम

1.0 **प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि** :–

इंजीनियरिंग विभाग के कार्यशाखा के अन्तर्गत रेल आवासों, सर्विस भवनों, रेल परिसर की सड़कों, मेनड्रेन, नालों, जलापूर्ति, लान अनुरक्षण एवं बागवानी,रेस्ट हाउस, हाली डे होम की निगरानी एवं अनुरक्षण कार्य किया जाता है। इस विभाग के पर्यवेक्षकीय नियंत्रण के अन्तर्गत निम्न कार्य किये जाते हैं।

(i) कैपिटल वर्क
(ii) जोन वर्क
(iii) विभागीय कर्मचारियों द्वारा निष्पादित अनुरक्षण संबंधी कार्य ।

1.1 नये निर्माण कार्यो का वाह्य स्त्रोत के माध्यम से कैपिटल वर्क के अधीन सम्पन्न कराये जाते है। जिसकी स्वीकृति बजट के अनुसार क्षेत्रीय मुख्यालय से होती है। मितव्ययिता एवं कार्य के त्वरित निस्तारण हेतु सेक्शन इंजीनियर/कार्य इकाई को विभिन्न जोन में बाँटकर प्रतिवर्ष अनुरक्षण कार्य हेतु राशि मण्डल के अधीन स्वीकृत की जाती है। इस राशि से विभागीय पर्यवेक्षण में वर्क आर्डर बनाकर कार्य बाह्य स्त्रोत द्वारा कराया जाता है। प्रत्येक कार्य इकाई हेतु जोनल कान्ट्रैक्टर नामित किये जाते हैं। इसके अलावा छोटे–मोटे आकस्मिक अनुरक्षण कार्य विभागीय कर्मचारियों द्वारा कराये जाते हैं।

1.2 कार्य विभाग द्वारा अनुरक्षण कार्यो को जोन कार्यादेशों के माध्यम से कराये जाने के कारण इस विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यभार में कमी परिलक्षित हुई है। इसके साथ ही साथ बाजार में प्रतिस्पर्धा को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा आर्थिक सुधार के उपायों के दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए आवश्यक कदम वांछनीय है। इसे दृष्टिकर वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक महोदय द्वारा अनुमोदित कार्याध्ययन सूची में सम्मिलित कर कार्याध्ययन प्रारम्भ कर निम्न संदर्भित सीमायें निर्धारित की गयी :–

(1) सीसेइं/कार्य/भटनी एवं कप्तानगंज के अन्तर्गत स्वीकृत एवं वास्तविक कर्मचारियों की संख्या का विवरण प्राप्त करना।
(2) यूनिट के अन्तर्गत सम्पादित किए जाने वाले वर्तमान कार्यभार का विवरण प्राप्त करना।
(3) कार्यभार के अनुसार आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन।
(4) आवश्यक कर्मचारियों की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों के अभ्यर्पण की संस्तुति करना।

1.3 **कार्याध्ययन विधि** :–

कार्याध्ययन को सम्पन्न करने हेतु निम्न विधियों को अपनाया गया है :–

(I) यूनिट के कार्यभार से संबंधित विभिन्न आंकड़ों को एकत्रित किया गया जो प्रत्येक कर्मचारियों के कार्यभार को परिलक्षित करते हैं।
(II) यूनिट के अन्तर्गत स्वीकृत कर्मचारी संख्या के सापेक्ष में मौजूद कार्यभार का विश्लेषण करना।
(III) निजी प्रेक्षण एवं अवलोकन के साथ पर्यवेक्षको एवं अधिकारियों से कार्य की परिस्थितियों पर वार्तालाप तथा कर्मचारी संख्या की गणना हेतु स्थानीय परिस्थितियॉ/मल्टीस्कीलिंग अवधारणा को आधार माना गया।

*******

## अध्याय— द्वितीय

2.0 **कर्मचारी संख्या, कार्य क्षेत्र एवं कार्यभार :—**

2.1 सीसेइं/कार्य/भटनी एवं कप्तानगंज इकाई मण्डलीय स्तर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/।/वाराणसी के सम्पूर्ण नियन्त्रण में कार्यरत है। इसके अन्तर्गत पुनः यह भटनी एवं कप्तानगंज के इकाई सहायक मंडल इंजीनियर/पूर्व/गोरखपुर में कार्यरत है। इन दोनों इकाइयों के कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या निम्नवत है :—

2.2 सीनियर सेक्शन इंजी./कार्य/भटनी के अधीन कोटिवार कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :—

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | वास्तविक सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | माली | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | — | 01 |
| 2 | सफाईवाला | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 01 | 01 |
| 3 | चौकीदार | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 02 | 03 |
| 4 | खलासी वर्क साइड | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 06 | 02 |
| 5 | वाल्वमैन | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 02 | 02 |
| 6 | ब्लैकस्मिथ ग्रेड—। | 5200—20200 ग्रेड पे—2800 | 01 | — |
| 7 | एम.सी.एम. कारपेन्टर | 9300—34800 ग्रेड पे—4200 | 01 | — |
| 8 | कारपेन्टर—। | 5200—20200 ग्रेड पे—2800 | 01 | — |
| 9 | कारपेन्टर हेल्पर खलासी | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 01 | 01 |
| 10 | फीटर ग्रेड—। | 5200—20200 ग्रेड पे—2800 | 02 | — |
| 11 | फीटर ग्रेड—।।। | 5200—20200 ग्रेड पे—1900 | 01 | — |
| 12 | हेल्पर फीटर खलासी | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 03 | — |
| 13 | एम.सी.एम. मेशन | 9300—34800 ग्रेड पे—4200 | 01 | — |
| 14 | मेशन ग्रेड—। | 5200—20200 ग्रेड पे—2800 | 02 | — |
| 15 | हेल्पर मेशन खलासी | 5200—20200 ग्रेड पे—1800 | 02 | — |
| 16 | एम.सी.एम. पेन्टर | 9300—34800 ग्रेड पे—4200 | 01 | — |
| **योग** | | | **27** | **10** |

2.3 सीनियर सेक्शन इंजी./कार्य/कप्तानगंज के अधीन कोटिवार कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :–

| क. सं. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | वास्तविक सं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाईवाला | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | – | – |
| 2 | चौकीदार | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | 02 | 04 |
| 3 | खलासी वर्क साइड | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | 06 | 02 |
| 4 | लोहार ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2800 | 01 | – |
| 5 | कारपेन्टर ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2800 | 01 | – |
| 6 | हेल्पर कारपेन्टर खलासी | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | – | – |
| 7 | एम.सी.एम. फिटर | 9300–34800 ग्रेड पे–4200 | – | 02 |
| 8 | फीटर ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2800 | 01 | – |
| 9 | फीटर ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2400 | 01 | – |
| 10 | हेल्पर खलासी फीटर | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | 02 | – |
| 11 | मेशन ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2800 | 02 | – |
| 12 | मेशन ग्रेड–।।। | 5200–20200 ग्रेड पे–1900 | – | – |
| 13 | हेल्पर खलासी मेशन | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | 02 | – |
| 14 | एम0सी0एम0 पेन्टर | 9300–34800 ग्रेड पे–4200 | 01 | – |
| 15 | पेन्टर ग्रेड–। | 5200–20200 ग्रेड पे–2800 | 01 | – |
| 16 | पेन्टर खलासी | 5200–20200 ग्रेड पे–1800 | – | – |
| **योग** | | | **20** | **08** |

2.4 सीसेइं/कार्य/भटनी :–

**2.4.1** **कार्यक्षेत्र** :– इस इकाई का कार्य क्षेत्र BTT (Km 434/4-5 to GKC ex km 500/0) तक है एवं इसका आई.टी.के.एम. 182 है।

**2.4.2** **कार्यभार**:– कोटिवार कर्मचारियों से सम्बद्ध कार्यभार निम्न है :–

2.4.3 कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के क्वार्टर की संख्या निम्नवत् है :–

| S.N. | Place of Quarters | Type (I) | Type (II) | Type (III) | Type (IV) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **BTT** | 139 | 77 | 03 | - |
| 2 | **NRA** | 05 | - | - | - |
| 3 | **AHLAR** | 12 | - | - | - |
| 4 | **DEOS** | 47 | 23 | 03 | 05 |
| 5 | **BALR** | 10 | 07 | - | - |
| 6 | **GB** | 10 | 07 | - | - |
| 7 | **CC** | 21 | 09 | - | - |
| 8 | **SANR** | 06 | - | - | - |
| 9 | **KHM** | 05 | 04 | - | - |
| 10 | **LC Gate** | 30 | - | - | - |
| | **Total** | **285** | **127** | **06** | **05** |

2.4.4 सी0से0ई0/कार्य/भटनी का एसेट वर्कलोड का विवरण :–

| S. N. | Particular | Work lood Quantity |
|---|---|---|
| 1. | Plinth area of Residential Building (Sqm) | 42686.72 |
| 2. | Plinth area of service Building (Sqm) | 19851.33 |
| 3. | Plinth area of open Platform (Sqm) | 66737.22 |
| 4 | Major Bridges in Running meter | 671(meter) |
| 5 | Minor Bridges in Running meter | 112.28 (meter) |
| 6 | FOB (in running meter) | 392.95 |
| 7 | ROB (in running meter) | 282.43 |
| 8 | Pipe Line Network (10 cm & above) | 4025.00 |
| 9 | हैण्ड पम्प की संख्या | 110.00 |
| 10 | मेन रोड की लम्बाई | 10490.00 |
| 11 | मेन ड्रेन की लम्बाई (मीटर में) | 336.00 |
| 12 | मनव सहित लेवल क्रासिंग | 38.00 |

**2.4.5** **<u>पम्प एव वाल्व संचालनः</u>—** सी.से.ई./कार्य/भटनी के कार्य क्षेत्र में देवरिया में 02 पम्प एवं भटनी में 03 पम्प है। उक्त दोनों जगहों पर पम्प का संचालन में विद्युत विभाग द्वारा किया जाता है, परन्तु वाल्ब का आपरेशन 12 घंटे की प्रतिपाली के अनुसार इंजी0 विभाग के कर्मचारी द्वारा किया जाता है।

**2.4.6** **<u>चौकीदार से संबंध कार्यभार</u>—** सी0से0ई0/कार्य/भटनी के कार्यालय एवं संलग्न परिसर की चौकीदारी 12 घंटे की प्रति पाली के अनुसार कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त सी0से0ई0/कार्य/भटनी कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर अधिकारी विश्राम गृह है। अधिकारी विश्राम गृह में 04 सूट एवं 01 डाइनिंग हाल है। सी0से0ई0/कार्य/भटनी द्वारा बताया गया कि अधिकारी विश्रााामालय गृह की चौकीदारी मंडल कार्यालय के निर्देशानुसार ठेकदार के माध्यम से कराया जाना प्रस्तावित है।

2.4.7 **<u>सफाई संबंधित कार्य</u>** :— सीसेई/कार्य कार्यालय की सफाई संबंधित कार्य सम्पन्न होता है।

2.5 **<u>सी.से.ई/कार्य/कप्तानगंज</u>** :—

**2.5.1** **<u>कार्यक्षेत्र</u>** :— इस इकाई का कार्य क्षेत्र GKC (छोडकर किमी 390/5 से बाल्मिकीनगर छोड़कर किमी 303/3 ) एवं इनका आई.टी.के.एम. 108.42 है।

2.5.2 **<u>सी0से0ई0/कार्य/कप्तानगंज का एसेट वर्कलोड का विवरण</u>** :—

| S. N. | Particular | Work lood Quantity |
|---|---|---|
| 1. | Plinth area of Residential Building (Sqm) | 11146.00 |
| 2. | Plinth area of service Building (Sqm) | 6550.07 |
| 3. | Plinth area of Covered Platform (Sqm) | 4532.00 |
| 4 | Plinth area of open Platform (Sqm) | 51488.00 |
| 5 | Major Bridges Running meter | 1172 (meter) |
| 6 | Minor Bridges Running meter | 138.30 (meter) |
| 7 | FOB (in running meter) | 27.32 |
| 8 | हैण्ड पम्प की संख्या | 160.00 |
| 9 | पाईप लाईन नेटवर्क की लम्बाई (10 सेमी व्यास से उपर) | 1900.00 |
| 10 | मेन रोड की लम्बाई (मीटर में) | 3500.00 |

2.5.3 कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के क्वार्टर की संख्या निम्नवत् है :–

| S.N. | Place of Quarters | Type (I) | Type (II) | Type (III) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पनियअवा | - | 02 | - |
| 2 | खड्डा | 23 | 16 | - |
| 3 | सिसवा बजार | 12 | 06 | - |
| 4 | घुघली | 08 | 02 | - |
| 5 | कप्तानगंज | 55 | 25 | 02 |
| 6 | वोदरवार | 09 | 03 | - |
| 7 | पिपराइच | 27 | 04 | - |
| 8 | उनौला | 06 | 03 | - |
| 9 | एल.सी. गेट | 18 | - | - |
| | **Total** | **158** | **61** | **02** |

2.5.4 <u>पम्प एव वाल्व संचालन</u>:– सी.से.ई./कार्य/कतानगंज के अधीन कुल 03 पम्प हैं। जिनमें से 01 पंप कप्तानगंज में, 01 पम्प सिसवा बजार एवं 01 पम्प खड्डा में स्थित हे। कप्तानगंज एवं सिसवा बाजार में स्थित पम्प का संचालन एवं वाल्व आपरेशन इत्यादि सभी कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाता है। जबकि खड्डा में स्थित पम्प का संचालन एवं वाल्व आपरेशन on duty Station master द्वारा किया जाता है।

2.5.5 **<u>चौकीदार से संबंध कार्यभार</u>**– सी0से0ई0/कार्य/कप्तानगंज के कार्यालय एवं संलग्न परिसर की चौकीदार 12 घंटे की प्रतिपाली में अनुसार कराई जा रही है। इसके अलावा यहाँ 01 कमरे का विश्रामगृह भी स्थित है। सी0से0ई0/कार्य/कप्तानगंज के अधीन 02 कर्मचारी समंई/पूर्व/गोरखपुर के यहाँ कार्यरत हैं।

*******

## अध्याय – तृतीय

### 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन व संस्तुतियॉ :–

**3.1** कार्याध्ययन दल द्वारा उक्त दोनों इकाइयों के प्रभारियों से कार्य प्रणाली के संबंध में गहन एवं विस्तृत विचार–विमर्श किया गया और यह देखा गया कि वर्तमान में सी0से0ई0/कार्य/भटनी के पास वास्तविक कर्मचारी संख्या 10 एवं सी0से0ई0/कार्य/कप्तानगंज के पास वास्तविक कर्मचारी संख्या 08 है।

3.2 संबंधित सीसेई/कार्य से यह पूछा गया कि इन कर्मचारियों से कार्य प्रबंधन किस प्रकार कराया जाता है तो बताया गया कि अधिकांश (90 प्रतिशत से अधिक) कार्य को जोन वर्क में आवंटित निधि/बजट के अनुसार ठेकेदार द्वारा कराया जाता है। सिर्फ चौकिदारी एवं वाल्व आपरेशन संबंधित कार्य मुख्यतः विभागीय कर्मचारियों द्वारा कराया जाता है।

3.3 **इस संबंध में बेंचमार्क का अध्ययन किया गया** :– कुशलता एवं अनुसंधान निदेशालय रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी मार्च/2018 में जारी बेंचमार्किंग रिपोर्ट के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों से संबंधित बेंचमार्किंग विवरण निम्नवत् है :–

1. **लखनऊ मंडल – 0.16 Men/ITKM**
2. **इज्जतनगर मंडल – 0.28 Men/ITKM**
3. **वाराणसी मंडल – 0.14 Men/ITKM**

**परन्तु आई.आर. बेंचमार्क 0.04 है (R of SECR, RNC of SER & SPJ of E.R)**

3.4 कार्याध्ययन की प्रक्रिया में यह देखा गया कि छोटे से छोटे मरम्मत कार्य भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा न कराकर जोनवर्क के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा कराये जाने की बाध्यता है। जिसे कार्याध्ययन दल रेलहित में नहीं मानता है।

3.5 कार्याध्ययन दल के अनुसार आउटसोर्सिंग अथवा जोनवर्क में कराये जाने वाले कार्य से रेलवे में निश्चित ही वित्तीय बचत होती है। परन्तु छोटे से छोटे मरम्मत कार्य हेतु जोनल कान्ट्रेक्टर पर निर्भरता रेल हित में उचित नहीं है। कार्याध्ययन दल यह मानता है कि छोटे–छोटे दिन प्रतिदिन के मरमम्त कार्य एवं आपात स्थिति में आने वाले कार्य हेतु कर्मचारियों की एक न्यूनतम संख्या का स्तर संबंधित इकाइयों पर उपलब्ध होनी चाहिए जिससे वित्तीय बचत के साथ–साथ रेलवे सिस्टम सुचारू रूप से चलता रहे।

3.6 उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए आउटसोर्सिंग के अंतर्गत जोनवर्क में कराये जाने वाले कार्य के साथ–साथ विभागीय कर्मचारियों का न्यूनतम स्तर सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकीय विचार–विमर्श, कार्यालय की परिस्थितियॉ, व्यवहारिक दृष्टिकोण, मितब्ययिता, मल्टीस्कीलिंग को कार्याध्ययन में कर्मचारी संख्या के आंकलन का आधार बनाया गया है।

**3.7 सीसेई/कार्य/भटनी के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु जोन का विवरण एवं आवंटित निधि निम्नवत है :–**

| क्र.स. | जोन का विवरण | आवंटित निधि (रू0 में) | |
|---|---|---|---|
| 1 | भटनी सहित से अहिल्यापुर रहित | 4187778 | General Maintinance Purpose |
| 2 | अहिल्यापुर सहित से वैतालपुर सहित | 5191115 | |
| 3 | वैतालपुर रहित से गोरखपुर छावनी रहित | 5127736 | |
| 4 | गोरखपुर छावनी रहित से भटनी सहित लेविल क्रासिंग मेटीनेंस | 3508499 | Level crossing maintinance |

3.8 <u>**सी0से0ई0/कार्य/भटनी हेतु कर्मचारी संख्या का आंकलन**</u> :–

| क्र.सं. | कार्य | |
|---|---|---|
| 1 | मेशनरी कार्य हेतु | 01 फीटर मेशन कर्मचारी |
| 2 | मेशन कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 3 | कारपेंटरी कार्य हेतु | 01 कारपेन्टर कर्मचारी |
| 4 | कारपेंटरी कार्यों में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 5 | फीटिंग एवं प्लम्बरिंग कार्य हेतु | 01 फीटर कर्मचारी |
| 6 | फीटिंग एवं प्लम्बरिंग में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 7 | पेंटिग कार्य हेतु | 01 पेंटिग कर्मचारी |
| 8 | पेंटिग कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 9 | लोहार संबंधित कार्य हेतु | 01 लोहार कर्मचारी |
| 10 | लोहार कार्य संबंधित कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 11 | भटनी स्थित पम्पों हेतु 12 घंटे की पाली के अनुसार | 02 कर्मचारी |
| 12 | देवरिया स्थित पम्पों हेतु 12 घंटे की पाली के अनुसार | 02 कर्मचारी |
| 13 | कार्यालय एवं परिसर की चोकीदारी हेतु 123 घंटे की पाली के अनुसार | 02 कर्मचारी |
| 14 | क्रम संख्या 11, 12 एवं 13 संबंधित विश्रामदाता | 02 कर्मचारी |
| 15 | सफाईवाला | 01 कर्मचारी |
| | **योग** | **19 कर्मचारी** |

आवकाशदाता = 2.3 कर्मचारी

= **Say** 03 कर्मचारी

महायोग = 19+3= 22 कर्मचारी

सरप्लस = स्वीकृत संख्या – प्रस्तावित संख्या

27 – 22 = 05 कर्मचारी

3.9 सीसेई/कार्य/कप्तानगंज के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु जोन वक का विवरण विभिन्न कार्यों हेतु जोन का विवरण एवं आवंटित निधि निम्नवत् है :–

| क्र. स. | जोन का विवरण | आवंटित निधि (रू0 में) | |
|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर छावनी रहित से बाल्मिकी नगर सहित | 7829259 | General Maintinance Purpose |
| 2 | गोरखपुर छावनी रहित से वाल्मिकी नगर रहित | 5509114 | Level crossing maintinnce |

3.10 सीसेई/कार्य/कप्तानगंज हेतु कर्मचारी संख्या का आंकलन :–

| क्र.सं. | कार्य | |
|---|---|---|
| 1 | मेशनरी कार्य हेतु | 01 फीटर मेशन कर्मचारी |
| 2 | मेशन कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 3 | कारपेंटरी कार्य हेतु | 01 कारपेन्टर खलासी कर्मचारी |
| 4 | कारपेंटरी कार्यों में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 5 | फीटिंग एवं प्लम्बरिंग कार्य हेतु | 01 फीटर कर्मचारी |
| 6 | फीटिंग एवं प्लम्बरिंग में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 7 | पेंटिग कार्य हेतु | 01 पेंटिग कर्मचारी |
| 8 | पेंटिग कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 9 | लोहार संबंधित कार्य हेतु | 01 लोहार कर्मचारी |
| 10 | लोहार कार्य संबंधित कार्य में सहयोग हेतु | 01 हेल्पर खलासी |
| 11 | कार्यालय एवं परिसर की चौकीदार संबंधित कार्य हेतु 12 घंटे की प्रतिपाली के अनुसार (आर0जी0 सहित) | 03 कर्मचारी |
| 12 | सफाईकार्य/विविध कार्यों हेतु | 02 कर्मचारी |
| | योग | 15 कर्मचारी |
| | अवकाशदाता | 02 कर्मचारी |
| | **महायोग** | **17 कर्मचारी** |

सरप्लस = स्वीकृत संख्या – प्रस्तावित संख्या

20 – 17 = 03 कर्मचारी

3.11 कर्मचारी संख्या कीस्वीकृत एवं प्रस्तावित संख्या का तुलनात्मक विवरण :—

| क्रसं. | कार्य इकाई | स्वी. सं0 | प्रस्ता. सं. | सरप्लस |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भटनी | 27 | 22 | 05 |
| 2 | कप्तानगंज | 20 | 17 | 03 |
| | योग | 47 | 39 | 08 |

3.12.1 संस्तुति जाती है कि वाराणसी मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/भटनी के कुल 05 पद (ग्रुप ''डी'') जो आवश्यकता सं अधिक पाये गये हैं, उन्हें अति शीघ्र अभ्यर्पित किया जाना चाहिए।

3.12.2 संस्तुति दी जाती है कि वाराणसी मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/कप्तानगंज के कुल 03 पद (ग्रुप ''डी'') जो आवश्यकता से अधिक पाये गये हैं, उन्हें अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाय।

*******